भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3276

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना चरण-II

3276. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) परियोजनाओं को सौंपे जाने, निर्माण कार्य किए जाने और पूर्ण होने के संदर्भ में अब तक हुई प्रगति सहित भारतमाला चरण-II की वर्तमान स्थिति क्या है और भारतमाला चरण-II के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ख) परियोजनाओं को सौंपने और लंबित परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब के क्या कारण हैं और भारतमाला चरण-II के अंतर्गत प्रस्तावित पांच हजार किलोमीटर की सड़क परियोजनाओं के पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है;

(ग) भारतमाला चरण-II को पूरा करने के लिए आवश्यक कुल निवेश कितना है और उक्त प्रयोजन के लिए वित्तपोषण की व्यवस्था का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या भारतमाला चरण-II के लिए निजी क्षेत्र के निवेश या अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से वित्तपोषण प्राप्त करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) भारतमाला चरण-II के नाम से कोई स्वीकृत योजना नहीं है। भारतमाला परियोजना के चरण-I के तहत परियोजनाओं की नई मंजूरी को बंद कर दिया गया है और नई परियोजनाओं को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ स्टैंड अलोन आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) योजना के तहत मंजूरी दी जाती है, जिसमें संपर्कता, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल की अपेक्षाओं पर विचार किया जाता है।

*****